अलीगढ. जनपद के देहलीगेट इलाके मे पुरानी रंजिश के चलते दोस्त ने ही दोस्त की गोली मार दीं. गंभीर हालत मे अस्पताल दाखिल कराये गए युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम तोड़ दिया. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू करो दी है. मिली जानकारी के मुताबिक दोनों दोस्त एक ही युवती से प्रेम करते थे, इसी कारण कुछ दिन पूर्व दोनों में मारपीट हुई थी. देहली गेट इलाके के आदर्श नगर मे फायरिंग की घटना से सनसनी फ़ैल गयी, वही सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है. वही पुलिस का कहना है कि गतरात्रि दोस्तों के मध्य हुए विवाद में तत्काल अधिकारी द्वारा मौका मुआयना कर घायल को उपचार हेतु भेजा गया था, उपचार के दौरान मृत्यु होने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया ।अभियोग पंजीकृत कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है, मौके पर पूर्ण शांति है ।

# सड़क हादसे में बाप बेटा की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ अकराबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानव नहर पुल के पास रोडवेज बस में मोपेड सवार तीन लोगों को रौंद दिया। जिससे मोपेड सवार पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस में मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव छितरौली खानपुर निवासी दुर्गापाल पुत्र दोजी राम रंगाई पुताई का काम कर मजदूरी करते थे। की देर शाम दुर्गपाल अपने बेटा अनु एवं परिवार के ही टीकमसिंह के साथ अलीगढ़ से मजदूरी कर घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान जैसे ही उनकी मोपेड थाना अकराबाद क्षेत्र में गांव खेड़ा नरायनसिंह व नानऊ नहर पुल के बीच पहुची तभी पीछे से आ रही एक रोडवेज बस के चालक ने मोपेड को पीछे से रौंद दिया। जिससे हादसे में घायल होकर करीब 55 दुर्गपाल के साथ उनके 22 वर्षीय बेटा अनिल कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होते ही आसपास के लोग तथा राहगीरों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। तथा घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी देकर दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एक साथ हुई पिता पुत्र की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीत्कार मंच गई। तथा परिजनों के साथ गांव के तमाम लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतकों के साथ मौजूद उनके ही परिवार के टीकमसिंह ने बताया है कि मृतक दुर्गपाल ने अपने पीछे पत्नी राजकुमारी एवं छह बच्चों को रोते बिलखते छोड़ा है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया है कि दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है तहरीर आने पर कार्यवाही की जानकारी।

# वन्य जीव हमारी धरोहर, संरक्षण हमारी जिम्मेदारी-डाक्टर अमर पाल सिंह




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा ।खंडेलवाल कॉलेज, में शनिवार को वन्य जीव सप्ताह का समापन समारोह का आयोजन किया गया ।इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. अमरपाल निदेशक पॉलीक्लीनिक फार्मर मुख्य डिवीजन आईवीआरआई, ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान उन्होंने वन्य जीवों के संरक्षण के के मौके पर सम्बोधित करते हुए कहा जानकारी दी जीवन में हमें खुश रहना है तो हमें अपने आसपास के माहौल को बेहतर बनाना होगा ।वन्य जीवों हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्हें को संरक्षण देना हमारा चाहिए ।वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग, पीपीटी प्रजेंटेशन, फेस मास्क, हैंड पेंटिंग आदि का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार एवं प्राचार्य डॉ. आर.के.सिंह ने विद्यार्थियों के कार्यक्रम की प्रशंसा कर मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा गंगवार, डॉ. निशा दिनकर, डॉ. मनोज जोशी , प्रशासनिक अधिकारी राकेश चतुर्वेदी,प्रवक्ता फरहा हुसैन सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# गंगीरी की किशोरी से होडल के भट्ठे पर दुष्कर्म, हुई गर्भवती

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के थाना गंगीरी के एक गांव निवासी किशोरी से हरियाणा के होडल में दुष्कर्म किया गया। सात माह बाद किशोरी के परिजनों को पता चला कि वह गर्भवती है। अब थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराने की गुहार लगाई गई है। मामला हरियाणा के होडल जिले से जुड़ा होने के कारण अधिकारियों से इस संबंध में कार्रवाई का निर्देश मांगा गया है।

किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह अपने परिवार के साथ जनवरी में हरियाणा के जिला होडल के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गई थी। गांव का ही एक युवक उसी भट्ठे पर मजदूरी करता था। अप्रैल में महिला जरूरी काम से अपने पति के साथ गांव वापस आ गई थी, बेटी वहीं पर थी। तभी गांव के ही युवक ने मौका देख कर उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसके पति और बेटे को जान से मारने की धमकी देकर बेटी को खामोश करा दिया था। डरी हुई बेटी ने कुछ नहीं बताया। इधर, उसकी मां बेटी के पेट की सूजन का इलाज कराती रही। जब डॉक्टरों से जांच कराई तो उसको सात माह का गर्भ बताया गया। इस पर मां ने गांव के आरोपी युवक के परिजनों से बात की तो उसे गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। परेशान मां ने थाने में आरोपी युवक के खिलाफ बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म कर गर्भवती बनाने व शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी है। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि घटना हरियाणा की है, इसलिए आलाधिकारियों को बता दिया है। जैसा अधिकारियों का निर्देश होगा, उसी के अनुसार कार्रवाई होगी।

# एस बी पब्लिक स्कूल में चलाया सफाई एवं स्वच्छता अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। एस बी पब्लिक स्कूल ग्राम नेवादा पोस्ट गोयला लखनऊ में आयोजित स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। प्रबंधक रण विजय मौर्य ने कहा कि विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने विद्यालय की साफ-सफाई के साथ ही आसपास के गांवों में सफाई व्यवस्था %को रखने का संदेश दिया। एस बी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने स्वच्छता जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए. ग्रामीणों को संदेश दिया कि अगर स्वच्छता रहेगी तो बीमारियों से बचाव होगा। अकारण ही बच्चे बीमारियों का शिकार नहीं बन सकेंगे। बच्चों को गंदगी से दूर रखने के लिए सभी को स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता के कार्य में जुट जाये ।विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश यादव ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने टोलियों में बंटकर स्वेच्छा से कक्षाओं व विद्यालय मैदान में सफाई अभियान चलाया। कक्षाओं की खिड़कियों व मैदान की घास व कूड़ा साफ किया। बच्चों ने पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, प्रयोगशाला तक को भी साफ किया। इस मौके पर गंदगी को कूड़ेदान में डालने की शपथ ली। बच्चों के साथ सफाई कर्मियों ने शौचालय और कक्षों को भी साफ किया। शिक्षकों ने भी झाड़ू उठाकर सफाई कार्य किया। इस अवसर पर अरविन्द गौतम,डॉ0गीता मौर्य, हरिओम यादव,नीलाम वर्मा,रजनी चौहान, चांदनी मौर्य, पूनम यादव, जूही अवस्थी, लक्ष्मी राजपूत, निधि मौर्य, दिप्ती यादव, अभिषेक सिंह, सहित समस्त विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# एक लाख रुपये देकर शादी रचाई, दस दिन बाद हुई दुल्हन लापता

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ शादी के पांच दिन बाद पत्नी ने गाजियाबाद जाने की बात कही। युवक उसके साथ गाजियाबाद में रहने लगा। युवक किसी काम से गुरुग्राम गया था। जब वापस गाजियाबाद आया, तो वहां से उसकी पत्नी गायब थी। युवक ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला एक लाख रुपये देकर ब्याह रचाने के बाद पत्नी अचानक लापता हो गई। परेशान पति ने अब दादों थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। जनपद बुलंदशहर के गांव गोकुलपुर निवासी नेपाली सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह के अनुसार बीते सितंबर में दादों के गांव ककरौआ नगला निवासी सत्यवीर पुत्र प्रमुख सिंह ने उसकी शादी कराने की पेशकश की थी। कुछ दिन बाद वह अपने एक अन्य साथी के साथ प्रीति पुत्री लाल राम निवासी बौनई अलीगढ़ को बुलाकर ले आए। तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार युवक से एक लाख रुपये लेकर परिजनों को बुलाकर नरौरा में एक जगह शादी करा दी गई। शादी के पांच दिन बाद पत्नी ने गाजियाबाद जाने की बात कही। युवक उसके साथ गाजियाबाद में रहने लगा। युवक किसी काम से गुरुग्राम गया था। जब वापस गाजियाबाद आया, तो वहां से उसकी पत्नी गायब थी। युवक ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला। पीड़ित युवक ने तीनों लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है, जिसमें उसने पत्नी के लापता होने की शिकायत की है।

# जबरदस्ती शादी व दुष्कर्म करने की घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार


क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - थाना जैथरा पुलिस को मिली बडी सफलता,? जैथरा पुलिस द्वारा नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने व जबरदस्ती शादी व दुष्कर्म करने की घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार थाना जैथरा पर दिनाँक 23.09.2023 को वादी रामनिवास पुत्र दुर्जन सिंह निवासी कसेला चौकी धुमरी थाना जैथरा जनपद एटा ने अभि0गण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी थी, जिस पर थाना जैथरा पर मु0अ0सं0 310/2023 धारा 363 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। दिनाँक 04.10.2023 को विवेचक उ0नि0 नरेश कुमार द्वारा नाबालिग लड़की को बरामद कर धारा 161/164 सीआरपीसी के बयान अंकित कराये गये बयानों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 366/368/376/120बी आईपीसी व धारा 5( रु)/6 पोक्सो एक्ट व 16/17 पोक्सो एक्ट की बढोतरी की गयी। देखते हुये प्रभारी निरीक्षक जैथरा को अभियुक्तगण की अतिशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

# बिना पार्किंग के शहर में चल रहे हैं, शॉपिंग मॉल व व्यवसायिक काम्प्लेक्स

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - आम आदमी की घरों के स्वीकृत नक्शे के अनुरुप निर्माण में कोई तब्दीली होने पर नगरपालिका द्वारा शहर की कई इमारतों पर बुलडोजर चला दिया गया है। बुल्डोजर चलाने वाले वो अधिकारी शापिंग मॉल संचालकों के सामने बेबस हैं। उन अधिकारियों को न नियमों का उल्लघंन दिखाई दे रहा है और न ही सड़कों का अतिक्रमण। एटा में शॉपिंग मॉल तो खुल रहे हैं। लेकिन किसी मॉल में पार्किंग सुविधा नहीं है। जब कि मॉल या व्यावसायिक काम्प्लेक्स की



पार्किंग अहम शर्त होती है। लेकिन एटा के किसी मॉल या व्यावसायिक काम्प्लेक्स में पार्किंग सुविधा नहीं है। इस कारण सड़क पर खड़े वाहनों के कारण राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्राहक सड़क किनारे व सड़क पर अपने वाहन खड़ा करके शॉपिंग मॉल में खरीदारी करते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था गड़बड़ा जाती है और दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। इन सब दुर्व्यवस्थाओं के बावजूद नक्शा निर्माण विभाग की ओर से शापिंग मॉल व व्यवसायिक काम्प्लेक्स को कानूनी मान्यता देते हुए बाकायदा नक्सा पास कर दिया जाता है। घर के नक्शों में जरा सी मानक अनदेखी होने पर निर्माण तोड़ने का आदेश देने वाले अधिकारी यहां कानून के उल्लंघन पर मौन हैं।

# समाधान दिवस में एक दशक से अधिक समय से न्याय पाने के लिए भटक रहा एक फरियादी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। मऊरानीपुर शनिवार को तहसील सभागार मऊरानीपुर में तहसील समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी झाँसी सुरेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, विकलांग आवास के प्रार्थना पत्र आये। ग्राम खनुआ थाना लहचूरा निवासी नेतराम पुत्र रामकुमार अहिरवार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे मकान के सामने पड़ोस में निवासरत दबंग लोग गोबर, कचड़ा डालकर गंदगी फैला रहे हैं। जिससे रहना मुश्किल हो रहा है। इस सम्बंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन कचड़ा डालना बन्द नहीं हुआ। पत्र में सफाई कराने व कचड़ा बन्द कराने की माँग की गई है। ढिमलौनी निवासी गणेश कुशवाहा पुत्र शिवदयाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रार्थी के प्रतिष्ठान के सामने गरौठा चौराहे के आगे छतरपुर मार्ग पर एक दबंग व्यक्ति ने मिट्टी डालकर अतिक्रमण कर





रहा है। पत्र में अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्रों की गले में माला पहनकर न्याय मांगने एक फरियादी पहुँच गया। कैलाश पुत्र भधई निवासी ग्राम सिलगुआ तहसील मऊरानीपुर गले में अनेक प्रार्थना पत्रों की माला डालकर समाधान दिवस में पहुंचा फरियादी ने बताया कि 2010 में चकबंदी में हमारी जमीन भूमि नंबर 107/2 रकवा 1,42 डि0 मिला था। लेकिन अधिकारियों के आदेश के बाद भी लेखपाल कानूनगो नाप कर पत्थर गड्डी नहीं कर रहे हैं। जिसे लेकर अनेक प्रार्थना पत्र दिए गए प्रार्थना पत्र में न्याय की मांग की गई। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपीनाथ सोनी, उपजिलाधिकारी गोपेश तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिमोहन सिंह, तहसीलदार मनमोहन गुप्ता सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# रूहेलखण्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी रोगियों की भीड़



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को डाक्टर दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें स्त्री एवं बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ,दंत रोग विशेषज्ञ, सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने 124 मरीजों की डेंगू, टाइफाइड, आदि की निशुल्क जांच कर कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं।इस मौके पर डॉक्टर श्वेता तिवारी, डॉक्टर रूचिका सिंह, डॉक्टर महेश, डॉक्टर मिर्जा यासिर बेग, डॉक्टर नाव्या सिंह, डॉक्टर प्रांजल सिंह, डॉक्टर चेतनदीप कौर, डॉक्टर सिमरन अजय, डॉक्टर प्रमोद भट्ट, डॉक्टर नीरज संगवान, डॉक्टर गीतिका, मोहम्मद कासिम, पूजा शर्मा, अरमान अनिल कुमार, दीपमाला, अनुराधा, ज्योति,बबीता,रामबहादुर सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्राम पंचायत मिसिरगवां में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत निकाली गई स्वच्छता अभियान की रैली

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

मऊगंज - ग्राम पंचायत मिसिरगवां के स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत निकाली गई स्वच्छता रैली तथा विद्यालय के बच्चों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ । स्वच्छता अभियान की टीम लगातार गांव गांव जाकर कर रही लोगों को जागरूक । जनपद पंचायत सीईओ श्री अजय सिंह जी एवं एस बी एम बीसी श्री सच्चिदानंद द्विवेदी जी एवं ग्राम पंचायत सरपंच आनंद मिश्रा जी के मार्गदर्शन पर स्वच्छाग्रही संघ अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी कर रहे थे अगुआई । ग्राम पंचायत मिसिरगवां में स्वच्छता अभियान मिशन चलाया गया जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता अभियान की टीम गांव में निकाली रैली और रैली के माध्यम से पूरे गांव वालों को किया जागरूक ।इस रैली में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा । विरेन्द्र तिवारी और उनकी टीम ने स्वच्छता के लिए लगवाए नारे और स्वच्छता कैसे रखनी है उन विद्यार्थियों



के माध्यम से पूरे गांव को बताया । साथ ही विद्यालय के बच्चों के साथ साथ गांव वालों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ एवं प्लास्टिक के रोक थाम के बारे में जन जागरूकता को लेकर , कूड़े करकट के सही निपटान को लेकर जागरूक किया गया स्वच्छाग्रही संघ अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी एवं अन्य मौजूद रहे एवं निगरानी समिति के सदस्यों से स्वच्छता पर विशेष चर्चा हुई एवं कूड़े के सही निपटान पर विशेष प्रकाश डाला गया ।ग्राम पंचायत के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला तथा गांव के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी का वादा किया । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच आनंद मिश्रा एवं स्वच्छाग्रही अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी द्वारा लोगों को शौचालय के नियमित उपयोग के लिए विशेष महत्व दिया गया

# शासकीय भूमि पर आक्रमण रोकने को लेकर दिया आवेदन कार्यवाही का किया मांग

क्यूँ न लिखूँ सच - रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के छ.ग.भू.रा. सहिता अन्तर्गत शासन कि भूमि पर अतिक्रमण न करने को लेकर ग्रामीण *सफी अहमद* ने बिहारपुर तहसीलदार को आवेदन देकर क्षेत्र में हो रहे शासकीय भूमि अतिक्रमण को रोकने को लेकर आवेदन दिया वही बिहारपुर नावाटोला, कुबेरपुर, खालबहरा, सपहा, बिहारपुर में शासन् कि भूमि गवचर, हरवार, कबर अस्थान, आवादि, समशान घाट, गव गोठान कि भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। शासन कि ओर से शासकीय भवन हेतु भूमि आरक्षित नही बच पा रहा है सरकारी एव शासन कि भूमि किये जा रहे अतिक्रण पर तत्काप प्रभाव से हटाया जाये ताकी भूमि शासकियों योजनाओं हेतु आरक्षित रखा जा सके। तहसील बिहारपुर अन्तर्गत शासन कि भूमि गवचर, हरवार, कबर अस्थान, आवादि, समशान घाट, गव गोठान कि भूमि पर से अतिक्रमण हटाय जाने कि कार्यवाही ग्रामीण मांग की है

# सिरमौर विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने डभौरा में सभा को सम्बोधित किया



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

डभौरा रीवा जिला के नगर परिषद के डभौरा में समाजवादी पार्टी की रखी गई बैठक जहा पर काफी संख्या में कार्यकर्ता महिलाएं पुरुष युवा नौजवान साथी व्यापारी वर्ग किसान वर्ग उपस्थित हुए एवं अपने जन चाहते नेता की बातों को सुने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी लक्ष्मण तिवारी सभी लोगों से अपील की है आप लोग किसी भी भ्रम में लालच में ना पड़े चुनाव के समय अनेक नेताएं आएंगे आपको भ्रमित करके वोट लेकर चले जाएंगे उसके बाद कभी भी दोबारा देखने नहीं आएंगे ऐसी पार्टियों से सावधान रहना है जो पार्टी जीत रही हो उसी को मतदान करना है

समाजवादी पार्टी सिरमौर विधानसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से विजई होगी इसीलिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करें उनकी विचारधारा से जुड़े आम लोगों को जोड़ और समय आने पर अन्य विरोधी दल को मुंहतोड़ जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी को विजय दिलाने का कार्य करें कार्यक्रम में लक्ष्मण मंत्री मंडल के कई सदस्य गण उपस्थित थे

# बरेली टीम ने उनका स्वागत किया और फिर संगठनात्मक चर्चा की

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह

बरेली- आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान प्रदेश अजीत जी भाई साहब से गोरखपुर से हरिद्वार जाते समय भाई साहब का मार्गदर्शन आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त हुआ और बरेली टीम ने उनका स्वागत किया और फिर संगठनात्मक चर्चा की। स्वागत करने वालों में जिला महामंत्री विनोद कुमार, जिला संगठन मंत्री जितेंद्र पाल सिंह जीतू, जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर



उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष बिथरी अरविंद चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर परीक्षित गंगवार अनिल कुमार, ब्लॉक संयोजक भुता रमेश कुमार आदि साथी मौजूद रहे।

टीम राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बरेली

# कवि सम्मेलन व पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ शब्द दर्पण साहित्यिक समूह के तत्वाधान में 8 अक्टूबर 2023 को शाम 3 बजे से डॉ के पी एस पब्लिक स्कूल, धनीपुर ( अलीगढ़ ) में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन में मशहूर हास्य कवि अनिल %बेधड़क% शिकोहाबाद व देवेंद्र दीक्षित %शूल% सिकंदराराऊ के साथ श्रृंगार के बड़े हस्ताक्षर व पत्रकार विपिन कुमार शर्मा व डॉ मनीषा गिरी जी भी काव्य पाठ करेंगे। इनके अलावा कुँ प्रवल प्रताप सिंह राणा %प्रवल% ( ग्रेटर नॉएडा ), श्रीमती आशा झा, विवेक भट्ट, मिताली वर्मा, डॉ बीना सिंह रागी, सोनिया सोनी ( छत्तीसगढ़ ), डॉ हंसा सिद्धपुरा व कवि रिषभ सागर ( गुजरात ) से व प्रणीत सुशील 卐सौम्य卐 ( गुरुग्राम हरियाणा ), रवेन्द्र पाल सिंह रसिक व आचार्य मूलचंद शर्मा मथुरा, श्रीमती पूनम सारस्वत अलीगढ़, अखिलेश कुमार फिरोजाबाद व भानु प्रताप सिंह तोमर आगरा ( उत्तर प्रदेश ) से आ रहे हैं। आयोजन की जानकारी शब्द - शब्द दर्पण साहित्यिक समूह के संस्थापक मानव सिंह राणा %सुओम% ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में बोल बटोही साझा काव्य संग्रह का विमोचन व सभी साहित्यकारों को सम्मानित भी किया जायेगा।

# पोषण पुनर्वास केंद्र बिहारपुर का सीलिंग भरभरा कर गिरा,बाल बाल बच्चे कुपोषित बच्चे

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर. जिले में भ्रष्टाचारियो का बोल बाला है और इन्ही को पोषित करता नौकरशाह चार चाँद लगाने में लगे हुए है. बात करे पोषण पुनर्वास केंद्र बिहारपुर जिसमें 6 माह से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के लिए 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र खोला गया है जिसकी फॉल सीलिंग भरभरा कर गिर गई. 40 लाख रूपये की लागत से बने पोषण पुनर्वास केंद्र बिहारपुर 6 माह पहले ही बनकर तैयार हुआ था. पोषण पुनर्वास केंद्र के निर्माण में विधायक के चहेते ठेकेदार ने घोर लापरवाही करते हुए चांदनी क्षेत्र के अनुभव सत्ता से जुड़े एक युवा को बनाने की जिम्मेदारी दी गई जिसको इस काम का कोई अनुभव नहीं है. उसे निर्माण कार्य सौंप दिया गया. जिस तरह निर्माण किया गया जिसमें ना तो आज दिनांक तक कोई भी शौचालय में ना तो पानी पहुंचा नहीं पाइपलाइन दुरुस्त कराया गया और बनकर तैयार होकर





हैण्ड ओभर भी हो गया. मंगलवार को पोषण पुनर्वास केंद्र का फॉल सीलिंग भरभरा कर गिर गया, दीवारों में क्रैक तथा शौचालय की दीवार पीछे की ओर खिसक गई है. उपर वाले का शुक्र है कि उस वक्त नीचे मासूम बच्चे नहीं थे अन्यथा बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. इतनी बड़ी लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार विधायक के खास माने जाते है तथा अपने ही पार्टी के एक कार्यकर्ता के माध्यम से इस भ्रष्टाचार रूपी बिल्डिंग को अंजाम दिया गया जिसकी सत्यता अब सबके सामने है। सूरजपुर जिले के ओड़गी ब्लाक स्थित बिहारपुर में 6 माह पहले लोक निर्माण विभाग ने 40 लाख की लागत से पोषण पुनर्वास केंद्र का निर्माण कराया लेकिन बिल्डिंग जर्ज़र हो गई। वहां लगाए गए फाल सीलिंग टूटकर नीचे गिर गया। वहीं ज़ब फाल सीलिंग ज़ब टूटकर गिरा तब वहां बच्चे व उनके परिजन नहीं थे वरना बड़ी घटना हो सकती थी। इसकी जानकारी केंद्र के प्रभारी ने विभाग को दे दिया है लेकिन इसके बाद भी अब तक घटिया कार्य की जांच हुई न अब तक निर्माण करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्यवाही। 40 लाख के लागत से बना था लेकिन उसके पास बिल्डिंग बनाने का कोई अनुभव नहीं था। वहीं बिल्डिंग में अब तक न तो शौचालय में पानी पहुंचा है और न इसका पाइपलाइन दुरुस्त कराया गया है। वहीं पूरी बिल्डिंग में लगे फॉल सीलिंग गिर गया तो दीवारों में क्रैक है। इसके बाद भी ठेकेदार ने इसे हैंड ओवर कर दिया और राजनैतिक दबाव व कमीशनखोरी के चक्कर में घटिया बिल्डिंग के बारे में सब जानते हुए अफसर चुप रहे। पोषण पुनर्वास केंद्र बिहारपुर में 6 माह से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत डीएमएफ मद से 10 बिस्तर वाले पोषण पुनर्वास केंद्र शुरू किया गया है लेकिन यहां सुविधाओं के अभाव में लोग अपने बच्चों को नहीं लाना चाहते हैं। पोषण पुनर्वास केंद्र के प्रभारी ने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर गौरव कुमार ने यहां केंद्र का निर्माण कराया था क्योंकि जनपद कार्यालय ओड़गी से यहां की दूरी अधिक है और कुपोषित बच्चों की संख्या इस इलाके में सबसे अधिक है। अब तक करीब 120 बच्चों का यहां इलाज किया गया है। जागरूकता के अभाव में कुपोषित बच्चों को अभिभावक यहां लाना भी नहीं चाहते। पोषण पुनर्वास केंद्र के प्रभारी डा सुरेश मिश्रा ने बताया कि सुबह 6 बजे सीलिंग टूटकर गिरा, अच्छा हुआ तब कोई वहां भर्ती नहीं था। दीवारों में भी क्रेक आ गया है। हम जिला स्तर के अफसरों को बताएंगे। ओड़गी जनपद के तत्कालीन आरईएस के एसडीओ अनिल मिश्रा ने बताया कि ठेके में मुकेश अग्रवाल ने काम लिया था किसी दूसरे को फिर दे दिया था। अब क्रेक इसलिए आया होगा क्योंकि तब जल्दबाजी में निर्माण कराने कहा गया और वहां मिट्टी फिलिंग की गई थी। अब ठेकेदार का पैसा रोककर रखा गया है या नहीं बता नहीं सकता। मैं जगदलपुर में पोस्टेड हो गया हूं।

# शिवराज सिंह चौहान को हटाओ मध्य प्रदेश बचाओ

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ब्राह्मण महासंघ द्वारा हटाने के लिए एक मुहिम थाने गई है आखिर ऐसा क्या है की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी के दिल और दिमाग से उतरने जा रहे हैं ब्राह्मण समाज के साथ शिवराज सिंह चौहान द्वारा सौतेला व्यवहार किया गया है जो बर्दाश्त से बाहर है 8 अक्टूबर रविवार को 11 बजे मीडिया के सामने आर पार की जंग के लिए पं रामनारायण अवस्थी मुंडन करा कर संकल्प लेंगे और शिवराज सरकार को उखाड़ फेंकने की कसम खायेंगे पानी सिर से ऊपर हो गया है शिवराज सिंह द्वारा ब्राह्मण समाज के साथ सौतेला व्यवहार कर बज्रघात गया है ब्राह्मण समाज मीडिया के माध्यम से अपनी बात जन जन तक पहुंचाना चाहता है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष की खुलेगी हिस्ट्री सीट लगेगा गैंगस्टर एक्ट

क्यूँ न लिखूँ सच
मीरा कौशिक



साहिबाबाद हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी उर्फ भूपेंद्र तोमर पर गुंडा एक्ट लगने के बाद साहिबाबाद थाना पुलिस ने हिस्ट्रीसीट खोलने की तैयारी शुरू कर दी है गैंगस्टर एक्ट लगने के बाद अधिकारियों ने उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा की एक लिस्ट तैयार की है जिसमें 14 मुकदमे है पुलिस ने बताया है कि राजेंद्र नगर सेक्टर 3 निवासी पिंकी पर पहले कैसे 2011 में साहिबाबाद थाने में हुआ वह मारपीट का था 2014 में कौशांबी में हुआ वह आम जनता पार्टी के दफ्तर पर हम ला करने का 2016 में विजयनगर में सरकारी काम में बाधा डालने पर 2017 में सरकारी काम में बाधा डालने के साथ उपद्रव इस तरह 2022 में सरकारी काम में बाधा डालना और बवाल फैलाने के जुर्म में केस दर्ज किया पीला मोड शालीमार गार्डन और मसूरी थाने में केस दर्ज हैं और एक और मला तीन दिन पहले राजनगर एक्सटेंशन में जय माता दी लिखें वहां पर चालान काट दिया था उसे पर बवाल करने पर केस दर्ज किया इसके बाद उन पर गुंडा एक्ट लगाया गया उच्च अधिकारी से की है बात डीपी शुभम पाटील का कहना है कि पिंकी चौधरी के खिलाफ गुंडा एक्ट लगने के बाद अब हिस्ट्री सीट खोली जा रही है गैंगस्टर एक्ट के लिए उच्च अधिकारियों से परामर्श कर रहे हैं उनकी सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है पुलिस की कार्यवाही के खिलाफ 10 अक्टूबर को बुलाई है पंचायत- डसना देवी मंदिर के महंत श्री 10 नाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंह आनंद सरस्वती ने पिंकी चौधरी के समर्थन में पंचायत बुलाई है उन्होंने हिंदू संगठन के 36 बिरादरियों के लोगों से जिला मुख्यालय आने का आहान किया है उनका कहना है कि अगर गुंडा एक्ट नहीं हटाया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने प्रेस वार्ता से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में हिंदू संगठनों के खिलाफ दबाने और कुचलना का काम हो रहा है पिंकी चौधरी ने यातायात पुलिस की गलत कार्रवाई का विरोध किया जिसमें कानून का किसी प्रकार का उलंघन नहीं था उसके बावजूद प्रशासन ने गुंडा एक्ट लगाए

# युवा संवाद में बबीना विधायक ने पंच प्रण की दिलाई शपथ


क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



चिरगांव ( झाँसी )-चिरगांव क्षेत्र में संचालित श्री चंदन सिंह कन्या महाविद्यालय वरल चिरगांव में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र झांसी द्वारा नेहरू युवा मंडल लुधियाई के सहयोग से युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा एवं विशिष्ट अतिथि चिरगांव ब्लॉक प्रमुख राजकांतेश वर्मा रहे कार्यक्रम मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि बबीना विधायक ने युवा संवाद कार्यक्रम में अमृतकाल के पंच प्रण पर विस्तृत चर्चा कर युवाओं से संवाद किया उन्होंने प्रधानमंत्री के पांच प्रणों में पहला प्रण बहुत बड़े संकल्प लेकर चलना होगा दूसरा प्रण हमारे मन के भीतर गुलामी का एक भी अंश है तो उसे बचने नहीं देना है तीसरा प्रण हमें हमारी विरासत पर गर्व होना चाहिए चौथा प्रण एकता और एक जुटता और पांचवा प्रण नागरिकों का कर्तव्य इन सभी प्रणों पर विस्तृत चर्चा की।वहीं विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एंव उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा जितनी तीव्र गति से विकास हो रहा है उन्होंने कहा यदि ऐसा ही विकास पिछली सरकारों ने किया होता तो अभी तक चंद्रायन-3 पर पहुंचने के लिए 75 साल नहीं लगता यह काम 15 वर्ष में ही चंद्रयान पर पहुंचने का पूर्ण हो जाता विधायक ने झांसी को ग्रेटर नोएडा दिल्ली जैसा शहर बहुत जल्द बनने की बात कही। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन बृजेश सिंह यादव चिरगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण समाधिया जिला उपाध्यक्ष करुणेश बाजपेई राज्य प्रशिक्षक दिनेश पाराशर प्रशासनिक अधिकारी ऋषिकेश रावत उप प्राचार्य देवेंद्र राजपूत दीपक आदित्य सिंह सुनील यादव समस्त विद्यालय परिवार और वहीं नेहरू युवा केन्द्र से पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी अर्जुन कुशवाहा पूर्व ब्लाक वॉलिंटियर पुष्पेंद्र प्रजापति कार्यक्रम संयोजक नेहरू युवा मंडल लुधियाई अध्यक्ष एंव चिरगांव ब्लाक वोलेंटियर बृजेन्द कुशवाहा अंकित श्रीवास्तव अंकित भार्गव विशाखा कुशवाहा यशवेंद्र राजपूत प्रतिभा डोंगरे संजय अरजरिया आशीष कुशवाहा पत्रकार संजय मिश्रा पत्रकार परशुराम कुशवाहा पत्रकार अनुराग तिवारी आदि राष्ट्रीय स्वयंसेवियों के साथ सैकड़ो युवा युवतियां मौजूद रही ।कार्यक्रम का सफल संचालन कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी ऋषिकेश रावत एवं दिनेश पाराशर लल्ला ने संयुक्त रूप से किया ।कार्यक्रम के अंत में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सागौन पेड़ की कटाई बड़े पैमाने पर प्रशासन सो रही गहरी नींद में

क्यूँ न लिखूँ सच
अनुपम कुमार द्विवेदी



चितरंगी जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश- हमारी टीम भ्रमण करते बगदरा जंगल जो की चितरंगी से एक किलोमीटर की दूरी पर है जंगल में घुसते ही सड़क के किनारे सागौन के नवीन पेड़ की कटाई लगभग 50 से ऊपर की मात्रा में की गई यह कटाई अगर इसी तरह चलती रही तो जंगल में 1 फीट के पेड़ मिलेंगे आज से लगभग 20 दिन पहले कुशहानिया जंगल में कटाई को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई क्या प्रशासन द्वारा खबरों को नजर अंदाज किया जा रहा 7 या फिर बीट प्रभारियों की कमाई का जरिया बना है7

# प्रयागराज से जोड़ने वाले चौराघाट मार्ग का निर्माण कार्य अब नई तकनीक से किया जाएगा

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

मऊगंज को एक बार फिर से बड़ी सौगात मिली है मऊगंज जिले को प्रयागराज से जोड़ने वाले चौराघाट मार्ग का निर्माण कार्य अब नई तकनीक से किया जाएगा. इसके लिए 63.60 करोड रुपए मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय भोपाल से मंजूर हुए हैं. पुरानी तकनीक से सड़क बनने पर मार्ग में लैंडस्लाइड की संभावना जताई जा रही थी. जिसको देखते हुए अब नई तकनीक से चौरा घाट का निर्माण किया जाएगा. नई तकनीक से बनने वाली सड़क में अब बारिश के समय भी पत्थर खिसकने का डर नहीं रहेगा एवं सुचारु रूप से आवागमन हो सकेगा। अभी तक प्रयागराज जाने के लिए दो तरफ से आवागमन होता था पहले मऊगंज कटरा चाकघाट के रास्ते लोग प्रयागराज पहुंचते थे तो वहीं हनुमना कोरांव और मिर्जापुर के रास्ते लोग प्रयागराज का सफर तय करते थे. जिसके कारण कई घंटे का समय व्यर्थ होता था. चौरा घाट का निर्माण हो जाने के बाद प्रयागराज की दूरी भी कम होगी और समय की भी बचत हो होगी. चौरा घाट का निर्माण हो जाने के बाद मऊगंज सीधी एवं सिंगरौली जिले के लोगों को प्रयागराज जाने में सरलता होगी. इस सड़क का निर्माण हो जाने के बाद मऊगंज जिले के खटखरी हनुमना सहित सैकड़ो गांव की दूरी प्रयागराज से कम हो सकेगी जिसके कारण व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा. वही इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, त्यौंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी,दिवाकर तिवारी,आनन्द कुमार पाठक,उमाशंकर मिश्रा,रामाश्रय प्रजापति गणेश शंकर वर्मा, सुनील मिश्रा कांग्रेस छोड़कर बी जे पी में हुए सामिल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे

# छात्र अभिनंदन एवं विभिन्न प्रतियोगिता हुई आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी।भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के अध्यक्ष नीलेश मोदी की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि डा अनीता कन्नौजिया, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सीपरी बाजार, झांसी एवं विशिष्ट अतिथि हितेश शर्मा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष/प्रान्तीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के प्रभारी के आतिथ्य में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता, गुरू वन्दन छात्र अभिनंदन एवं भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रकल्प राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता एवं भारत को जानो प्रतियोगिता में सफल छात्राओं में हर्षिता रायकवार, विशाखा प्रजापति, निशा प्रजापति, अंजली अहिरवार, निधि अहिरवार, खुशी श्रीवास, प्रभा वर्मा, आनया श्रीवास, श्वेता वाल्मीकि, वंशिका, बसन्ती राजपूत, गरिमा रायकवार, भावना अहिरवार, अंशिका सिंह को पुरस्कृत कर, बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। राष्ट्रीय प्रकल्प गुरू वन्दन छात्र अभिनंदन के अन्तर्गत छात्राओ के उत्साहवर्धन के साथ साथ कालेज की प्रधानाचार्य जी, अध्यापिकाओं में श्रीमती कल्पना वर्मा, श्रीमती इन्द्रा साहू, एवं वन्दना गुप्ता जी को सम्मानित करते हुए सभी अध्यापिकाओं का वन्दन किया गया। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रकल्पों के प्रभारी अमित सराया एवं अशोक पासी के द्वारा प्रकल्पों का सफलतापूर्वक संयोजन किया गया। मंच का संचालन वन्दना पुरवार के द्वारा किया गया।प्रतियोगिता के दौरान शाखा से मधू मोदी, वीरेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।अंत में शाखा सचिव अजय पुरवार के द्वारा प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भाजपा के राष्ट्रीय वक्ता कपिल मिश्रा का भयंदर में स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
अनिल मिश्र



भयंदर -मोदी कैबिनेट के करीबी दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष राष्ट्रीय प्रखर वक्ता का गत दिनों महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मिरा भायंदर शहर के भाईंदर पूर्व में स्तिथ तलाव रोड के एसएम पब्लिक हॉल में राष्ट्रचेतना मंच के आयोजित कार्यक्रम में भव्य स्वागत किया गया ! अपने प्रखर विचारो से देशभर में हिंदुत्व की बुलंद आवाज को जन जन तक पहुंचाने में कपिल मिश्रा का हिंदुत्व के प्रति आजीवन समर्पण आज की युवा पीढ़ी को जागरूक करती है! कपिल मिश्रा मोदी सरकार में वो नाम है जिसे लगभग देश की अधिकांश जनता जानती है! कार्यक्रम के दरम्यान अपने विचारो से कपिल मिश्रा ने जनता को हिंदुत्व से जुड़े विषयो पर एकजुट होने का संदेश दिया !कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएम पब्लिक स्कूल के मालिक श्रीपत मोरे ने करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी लोगो की खूब सराहना की ! इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता धीरज पांडे, सुशील त्रिपाठी, भारतीय देवसेना ,एवम अन्य कई लोगो ने कपिल मिश्रा का स्वागत करते हुए उनके विचारो की खूब सराहना की !

# वर्षो से नगर निगम की जमीन पर कब्जा जमाए कब्जाधारियों के मकानों पर चला बाबा का बुल्डोजर



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी में तैनात रिटाई पुलिसकर्मी वर्षो से किए थे नगर निगम की करोड़ों की जमीन पर कब्जा,अब हुई बड़ी कार्यवाही, चला बुलडोजर झाँसी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ नगर निगम की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। आमतौर पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफिया,, अपराधी होते हैं,, लेकिन नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफिया, अपराधी नही बल्कि मौजूदा समय में यूपी के कई जिलों में तैनात पुलिसकर्मी रिटायर्ड पुलिसकर्मी औरवकील है। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के रानीमहल के पास में नगर निगम की तकरीबन 40 करोड़ की कीमत की जमीन पर पिछ्ले 50 साल से रिटायर्ड पुलिस कर्मियों, वर्तमान में अलग-अलग जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों और वकीलों और उनके परिजनों का अवैध कब्जा था।। नगर निगम की टीम ने बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए सभी कब्जाधारियों को नोटिस देने के बाद जब कब्जा खाली नहीं हुआ ,,इस पर नगर निगम की टीम ने पुलिस, प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। वही इस अवैध कब्जा के मामले में 10 अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ शहर कोतवाली में नगर निगम के अपर नगर आयुक्त की तैयारी पर मुकदमा भी दर्ज हो चुका है।

# आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर डी आर एम से मिले कांग्रेसी



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। गत दिवस उ.प्र.सम्पर्क क्रांति ट्रेन में सफर कर रहें बुजुर्ग वैज्ञानिक दम्पति पर शराबी युवक द्वारा पेशाब करने की घिनौनी घटना के आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मण्डल पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में मण्डल रेल प्रबंधक डी के सिन्हा से मिला। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रेन में घटित इस घिनौनी घटना से रेलवे की छवि धूमिल हुई है।दोषी युवक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाये ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। मण्डल रेल प्रबंधक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेलवे ऐक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।मामले की गम्भीरता को देखते हुये कमेटी गठित की गई है जो सोमवार तक जांच रिपोर्ट देगी। जिस पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।उन्होनें कहा कि ट्रेन में शराब पीकर यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोमवार तक उचित कार्यवाही न होने पर अनशन पर बैठने की चेतावनी दी।इस मौके पर कार्यवाहक शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता,पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, पी सी सी सदस्य राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व पार्षद मुकेश अग्रवाल, शफीक अहमद मुन्ना, मजहर अली, अमीर चंद आर्य ,छोटे राजा कमर व रोवेश खान आदि मौजूद रहें।

# बिना कार्य किए ही सचिव व सरपंच ने जारी कर दिया मस्टर रोल

क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा।



जिला पंचायत सिंगरौली के जनपद पंचायत चितरंगी अंर्तगत ग्राम पंचायत करौंदिया में बेलदारा बांध का पैसा बिना कार्य किए ही लोगों के नाम जारी कर दिया मस्टर रोल स्थानीय लोगों के अनुसार जारी किया गया मस्टर रोल दिनांक 22/09/2023 को मस्टर रोल संख्या 41183, 84,85, 86, 87, 88.... टोटल 57 मस्टर रोल जारी किया गया जिन्होंने एक भी दिन काम नही किया है और दिनांक 30/09/2023 से दिनांक 06/09/2023 दिनांक को जारी मस्टर संख्या 425434, 35, 36,37 ,38, 39... टोटल 43 लेवरो कि संख्या जिन्होंने एक भी दिन कार्य नहीं किया जिसकी विधिवत् जांच किया जाय निशा उपाध्याय द्वारा फर्जी मस्टर रोल जारी किया गया है कोई भी व्यक्ति एक भी दिवस कार्य नही किया है और इतना ही नही जहां मैरहवा बांध बना है उसी से लगभग 100 मीटर कि दूरी पर एक बांध पहले से ही बनाया गया था लेकिन सरपंच सचिव और रोजगार सहायक कि मिलीभगत और यंत्री और उपयंत्री कि भी भूमिका से सटे हुए एक ही जगह पर दो दो बांध स्वीकृत करवा दिया गया पैसों कि खातिर जिस पर स्थानीय लोगों का कहना है कि कलेक्टर साहब जांच दल का गठन करके उक्त मैरहवा बांध कि जांच कराया जा कर जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए उस पर कार्यवाही किया देखते हैं कि अधिकारियों द्वारा इस मामले कि जांच कि जाति है कि मामला लीपा पोती कर रफा दफा कर दिया जाता है

# नहीं रहीं कोटेदार अंगूरी देवी ,नगर में दौड़ी शोक की लहर

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा। पूर्व प्रधान नानक चंद गुप्ता के बड़े बेटे अशोक कुमार गुप्ता की पत्नी अंगूरी देवी 58 की दो दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ी तो परिजनों ने उनका शहर के अस्पताल में उपचार लिए दाखिल करवाया। जहां से डाक्टरों ने उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। जहां बीती रात्रि उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की ख़बर मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। श्रीमती अंगूरी देवी अपने पीछे तीन बेटे बहूएं छोड़ गयी हैं। शनिवार को उनका शव नगर में पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शनों को भारी भीड़ उमड़ पड़ी।भारी गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार नगर में कर दिया गया।उनको मुख्य अग्नि उनके ज्येष्ठ बेटे ब्रजेश कुमार गुप्ता ने दी। उनके आक्समिक निधन पर चेयरमैन शकुन्तला देवी, प्रतिनिधि अमित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ के कश्यप, अशोक कुमार गुप्ता, अंजली गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता,कमलेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, पूर्व वरिष्ठ लिपिक जगदीश गंगवार, पूर्व प्रधानाचार्य प्रभुदयाल शर्मा,सतीश वर्मा,सभासद कमलेश गंगवार, मनोज कुमार, धनपाल सिंह, ओमप्रकाश गंगवार ,कमल यादव, सहित सैकड़ों लोगों ने गहरा शोक जताया है।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# If you want to lose weight, include these 4 types of flour in your diet, the difference will be visible in a few days.

Atta For Weight Loss: To lose weight, along with exercise, one should also take special care of diet. It is advisable to include fruits, green vegetables and whole grains in the weight loss diet. Although it is also said that if you want to lose weight then you should eat less rotis, but instead of wheat you can eat rotis made of these 4 types of flour. Healthy options of flour are also available for weight loss diet. To lose weight, you can include millet roti in the diet. Quinoa flour, rich in fiber, is helpful in reducing weight. There is hardly any house where wheat bread is not made, but when it comes to losing weight, it is asked to reduce bread in the diet. However, Indian food is not complete without roti. The taste of pulses and vegetables increases with hot roti, but do you know, there are healthy alternatives to flour for weight loss diet too. These flours are very helpful in weight loss, and they also keep your digestion healthy. Millet- Millet is full of nutritional properties. To lose weight, you can use millet flour instead of wheat bread in your diet. You can include millet roti in your weight loss diet, which can help in reducing weight. Along with reducing weight, millet is also effective in the problem of diabetes. Rich in nutrients, millet has a low GI. Apart from this, it is also beneficial for digestion. Oats- Oats is a treasure of health. Vitamins, minerals, fiber and many nutrients are found in it. If you want to lose weight, then eat rotis made from oats flour in your diet. Oats will also be beneficial for people who have diabetes. Gram flour- Gram flour is a storehouse of protein. Apart from this, it is also rich in fiber and has low calorie content. This can be a great option for weight loss diet. Adequate amounts of iron and folate are found in it, which help in normalizing blood sugar levels. To lose weight, you can also eat gram flour rotis. Quinoa- Rich in nutrients, Quinoa helps in eliminating many health related problems. It is a rich source of nutrients like folate, magnesium, zinc and iron. Quinoa flour rich in fiber helps in keeping the digestive system healthy. If you eat dishes made from quinoa flour in your diet, it keeps your stomach full for a longer time, which helps you avoid overeating and lose weight faster.



# Menopause can cause oral health problems, you can prevent them with these methods

Many changes occur in the body of women during menopause. Among these changes, there can also be many changes in oral health, which is very important to pay attention to in time. It is important to know what symptoms related to oral health can be seen during this period. Know what changes can occur in your mouth and how to take care of your oral health. Menopause usually occurs between the age of 45-55 years. During this period, many symptoms related to oral health may be seen. Know what effect menopause can have on oral health. Menopause is a natural process that occurs in women, which occurs between 45-55 years of age. In this, the lining of the uterus stops breaking, this happens because the level of estrogen decreases during this period. If a woman does not have periods for 1 year, it is considered menopause. Hormonal changes occur during menopause and premenopause. Due to this many physical and mental changes can occur. Hot flashes, mood swings, insomnia are the most common symptoms of menopause. However, apart from these symptoms, there may also be some changes in your mouth, which need attention. Let us know what changes can happen in your oral health. What is the relationship between oral health and menopause? Estrogen levels decrease in women during menopause. Due to these hormonal changes, problems like osteoporosis, weakening of tissues, weakening of gums, pyorrhea can occur. During menopause, one has to face problems like tooth decay, tooth breakage, gum infection, dry mouth etc. During this time, the tissues of the mouth start becoming thin, due to which the sensitivity starts increasing. Along with this, salivary glands may also start producing less saliva. Due to this reason, the risk of infection in the mouth increases and dryness can also be felt in the mouth. Jaws can also become weak due to decrease in the level of estrogen, because due to lack of this hormone the bones start becoming weak. How to take care of oral hygiene: Brush twice a day. Along with teeth, keep your tongue also clean. Make sure to floss every time you brush. Reduce consumption of high sugar food items. Always gargle after eating. Use mouth wash to avoid bad breath. Get a checkup done by a dentist every 6 months, so that if any problem occurs, it can be detected and treated in time. Don't smoke. Do not consume highly carbonated drinks.



# Nicotine replacement therapy is helpful in quitting smoking, doctor said - easy access to people is necessary

Smoking and consumption of tobacco products is considered to have many harmful effects on the body. Health experts advise all people to stay away from tobacco products. The habit of tobacco or smoking can increase disorders related to lungs, blood vessels and heart. People who become addicted to tobacco are advised to take nicotine therapy as a treatment to stop it and reduce the risks caused by it. According to some reports, nicotine replacement therapy may be classified as prescription drugs. However, a group of doctors have expressed concern over this proposal, saying that nicotine replacement therapies are safe and help in quitting smoking. Reclassifying them as prescription drugs may certainly reduce access to those who need them, adding to the difficulties for people trying to quit tobacco. The proposal to classify them as prescription drugs The Drug Technical Advisory Board (DTAB) under the Central Drugs Standard Control Organization (CDSCO) recently proposed to place nicotine replacement therapy under Schedule-K drugs, so that in future it can be prescribed only by authorized physicians. Available only by prescription, not as an over-the-counter medicine. It is worth noting that nicotine Polacrilex gum, lozenges and transdermal patches have been mainly used for Nicotine Replacement Therapy (NRT). Experts have said that with the help of NRT, the chances of quitting smoking are 50 percent higher. , and it is safe and easily available without requiring a prescription. Health experts say, tobacco consumption is emerging as a big threat, a large number of adults are its victims. Tobacco and smoking have been recognized as major risk factors for a variety of acute and chronic diseases. Tobacco addiction in both men and women: AIIMS doctor says, efforts have been made to reduce tobacco use in India. About 28.6 percent of adults in the country are affected by it. Its addiction is seen in 42 percent men and 14.2 percent women. NRT is one method that can help people quit tobacco, easy access to NRT without prescription helps individuals quit smoking. How this therapy works NRT, unlike smoking or tobacco, produces a gradual and very small increase in nicotine levels in the blood, reducing people's dependence on tobacco and its products over time. NRT aims to wean people off addiction with the help of a nicotine delivery system. This may be a little difficult with the new proposals.



# These tips can prove to be effective in regaining the lost trust in a relationship.

To run any relationship, love alone is not enough but many other things like trust and mutual understanding are important. If there is lack of trust in the relationship then it is difficult to take the relationship even a single step forward. If due to some reasons you have lost your partner's trust, then these tips can be helpful in regaining it. The foundation of a relationship is love and trust. Any kind of betrayal can spoil a relationship. This is how to get back the lost trust in a relationship. You must have heard this couplet that 'Rahiman, break the thread of love and make it crack, if broken, it will not be joined again, when joined, a knot will be formed'....It means that any kind of discord or distrust may arise in the relationship. It is very difficult to connect it back later and even if somehow it is connected, it is no longer the same as before. Such situations can be seen in any relationship like friendship, brother-sister, husband-wife, but it has a different effect on the husband-wife relationship. Once trust is broken, it becomes very difficult to trust that person again. If you are also facing this situation in your relationship, then by following these things it is possible to gain your partner's trust once again. Do not hide anything - if for some reason your partner is now completely dependent on you. If you are unable to trust or you have exactly the same feelings for your partner, then sit face to face and talk to each other so that no one will hide anything from each other. Whatever the situation is, we will share it with each other. Be it happiness, any kind of worry or fillings. It is important to admit your mistake - If your partner's trust in you has wavered because of you, then do not ignore this thing and make him/her feel that the night is over, rather you should accept your mistake and also feel sorry. This attitude of yours can help you in gaining trust once again. Be honest - once a mistake like this has been made, work on correcting it rather than repeating it again. Do not create doubt in your partner's mind by hiding any kind of information. To improve the situation, you have to be honest with yourself from within.

